# Rajasthan High Court, Jodhpur

**Limited Competitive Examination for Promotion in the cadre of District Judge**

**Date: 05.05.2012**

# राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

**जिला न्यायाधीश केडर में पदोन्नति हेतु सीमित प्रतियोगी परीक्षा**

**दिनांक : 05.05.2012**

**Paper I – Law - I**

**प्रश्न पत्र I – विधि - I**

**Time: Three hours** | **Maximum Marks: 100**

**समय: तीन घण्टे** | **पूर्णांक : 100**

## INSTRUCTIONS

1. Write the required particulars **only** on the flap provided on the top of each answer book; and at no other place.

2. If the candidate makes any identification mark at any place in the answer book, it would be treated as using unfair means; and his candidature shall be rejected for the entire examination.

3. A candidate found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilating Staff or cheating will render himself liable to disqualification.

4. The question paper is divided into two parts – Part A and B. All the questions are to be answered.

5. There are 20 objective type questions in part "A" of the question paper, each having four alternative responses. Candidate is only to indicate clearly the mark of the correct response, viz, (A) or (B) or (C) or (D) on the first page of the answer book provided specifically for the purpose; and at no other place. Only one response is to be indicated for each question. Marking of more than one response would be treated as wrong answer.

6. **Attempt answers in Hindi or in English.**

7. In the question paper, if there is any discrepancy in English & Hindi versions, the English version is to be treated as correct.

---

## निर्देश

1. अपेक्षित विवरण केवल उत्तर पुस्तिका के ऊपर दिये गये फ्लेप पर ही लिखें; अन्य किसी स्थान पर नहीं ।

2. यदि अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के अन्दर किसी भी स्थान पर कोई भी पहचान चिन्ह अंकित किया जाता है तो यह अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा; तथा अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी ।

3. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर व्यवधान उत्पन्न करता है या वीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा वंचनापूर्ण कार्य करता है तो वह स्वयं ही अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होगा।

4. प्रश्न पत्र "अ" और "ब" दो भागों में विभाजित है । सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है ।

5. प्रश्न पत्र के भाग "अ" में 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं । अभ्यर्थी को सही उत्तर यथा, (अ) अथवा (ब) अथवा (स) अथवा (द) उत्तर पुस्तिका में विशिष्ट तौर पर दिये गये प्रथम पृष्ठ पर ही स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करने चाहिये; अन्य किसी स्थान पर नहीं । प्रत्येक प्रश्न का एक ही उत्तर दिया जाना है । एक से अधिक उत्तर दिये जाने की दशा में उत्तर गलत माना जायेगा ।

6. **उत्तर अंग्रेजी *या* हिन्दी भाषा में दीजिये।**

7. प्रश्न पत्र में अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम में कोई अन्तर हो तो अंग्रेजी माध्यम को सही माना जाये।

https://www.pyqonline.com

Part A - भाग अ

**Objective – वस्तुनिष्ठ**

Each question carries 1 mark (total marks for this part are 20)

प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है (इस भाग हेतु कुलअंक 20 हैं )

**Question No. 1**

Article 323-A of the Constitution of India empowers the Parliament to set up by law:

(A) Tribunals to resolve any dispute between two States
(B) Tribunals to adjudicate the matters relating to any tax
(C) Administrative Tribunals
(D) Tribunals to adjudicate industrial and labour disputes

**प्रश्न सं. 1**

भारत के संविधान का अनुच्छेद 323 क शक्ति देता है संसद को विधि द्वारा स्थापित करने की:-

(अ) दो राज्यों की बीच किसी विवाद के निपटारे के लिए अधिकरण
(ब) किसी कर सम्बन्धी मामलों के न्यायनिर्णयन हेतु अधिकरण
(स) प्रशासनिक अधिकरण
(द) औद्योगिक और श्रम विवादों के न्यायनिर्णयन हेतु अधिकरण

**Question No. 2**

Under which Article of the Constitution of India it is provided that all the proceedings of the Supreme Court of India and in every High Court shall be in English language:

(A) 244 (B) 356
(C) 348 (D) 350

**प्रश्न सं. 2**

भारत के संविधान के कौन से अनुच्छेद के अन्तर्गत यह उपबन्ध है कि उच्चतम न्यायालय एवं प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाहियां अंग्रेजी भाषा में होगी?

(अ) 244 (ब) 356
(स) 348 (द) 350

**Question No. 3**

A petition for Special Leave to Appeal is filed in the Supreme Court of India under:

(A) Article 132 of the Constitution of India
(B) Article 134 of the Constitution of India
(C) Article 136 of the Constitution of India
(D) Article 14 of the Constitution of India

**प्रश्न सं. 3**

उच्चतम न्यायालय में अपील की विशेष इजाजत हेतु याचिका प्रस्तुत की जाती है:

(अ) भारत के संविधान के अनुच्छेद 132 के अन्तर्गत
(ब) भारत के संविधान के अनुच्छेद 134 के अन्तर्गत
(स) भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 के अन्तर्गत
(द) भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 के अन्तर्गत

**Question No.4**

Under the Code of Civil Procedure, an appeal shall lie from which of the following orders?

(A) an order under Section 35 (B) an order under Section 35A
(C) an order under Section 35B (D) none of the above

**प्रश्न सं.4**

सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन से आदेश की अपील होगी ?

(अ) धारा 35 के अधीन आदेश (ब) धारा 35 क के अधीन आदेश
(स) धारा 35 ख के अधीन आदेश (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

https://www.pyqonline.com

**Question No.5**

Under the Limitation Act, 1963, the period of limitation of twelve years for filing a suit by a Hindu governed by Mitakshara law to set aside his father's alienation of ancestral property begins to run from the time:

(A) when the alienee takes possession of the property
(B) when alienation is made
(C) when the notice for filing suit is served
(D) when the notice for partition is served

**प्रश्न सं.5**

परिसीमा अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत मिताक्षरा विधि से शासित हिन्दू द्वारा उस अन्यसंक्रामण को, जो उसके पिता ने पैतृक सम्पति का किया है अपास्त कराने के लिए वाद प्रस्तुत करने का बारह वर्ष का परिसीमा काल चलना प्रारम्भ होता है:

(अ) जब अन्यसंक्रामिति सम्पत्ति का कब्जा ले ले
(ब) जब अन्यसंक्रामण किया जावे
(स) जब वाद हेतु सूचना-पत्र तामील हो जाए
(द) जब विभाजन हेतु सूचना-पत्र तामील हो जाए

**Question No.6**

Under the Rajasthan Court Fees and Suits Valuation Act, 1961, in any suit in which separate and distinct reliefs are sought based on the same cause of action, the plaint is chargeable with:

(A) a fee on the value of main relief
(B) highest of the fees leviable on the reliefs
(C) a fee on the aggregate value of all the reliefs
(D) fixed fees as per Schedule-II

**प्रश्न सं.6**

राजस्थान न्यायालय फीस एवं वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत जब किसी वाद में एक ही वाद हेतुक के आधार पर पृथक् और सुभिन्न अनुतोष मांगे जायें, वादपत्र प्रभार्य होगा:

(अ) मख्य अनुतोष के मूल्य पर फीस से
(ब) अनुतोषों पर उद्ग्रहणीय अधिकतम फीस से
(स) सभी अनुतोषों के संकलित मूल्य पर फीस से
(द) अनुसूची-II अनुसार निश्चित फीस से

**Question No.7**

Under the General Rules (Civil), 1986, the record of an original civil suit is arranged in four parts. The copy of any judgment and decree passed in appeal is placed in such record in:

(A) Part-A (B) Part-B
(C) Part-C (D) Part-D

**प्रश्न सं.7**

सामान्य नियम (सिविल), 1986 के अन्तर्गत एक सिविल मूल वाद का अभिलेख चार भागों में व्यवस्थित किया जाता है । अपील में पारित किसी निर्णय व डिक्री की प्रति को ऐसे अभिलेख में रखा जाता है:

(अ) भाग-अ में (ब) भाग-ब में
(स) भाग-स में (द) भाग-द में

**Question No. 8**

Where there are co-sureties, a release by the creditor of one of them:

(A) does not discharge the others (B) discharges the others
(C) is void (D) is invalid

**प्रश्न सं. 8**

जहां कि सह-प्रतिभू हो वहां लेनदार द्वारा उनमें से एक की निर्मुक्ति:

(अ) अन्यों को उन्मोचित नहीं करती है (ब) अन्यों को उन्मोचित करती है
(स) शून्य है (द) अविधिमान्य है

https://www.pyqonline.com

**Question No.9**

The power to appoint the sole arbitrator in international commercial arbitration is with:

(A) the Chief Justice of India or his designate
(B) the Chief Justice of High Court or his designate
(C) the High Court of the State
(D) International Arbitral Tribunal

**प्रश्न सं.9**

अन्तरराष्ट्रीय वाणिज्यिक माध्यस्थम् में एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त करने की शक्ति है:

(अ) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति या उनके पदाभिहित को
(ब) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति या उनके पदाभिहित को
(स) राज्य के उच्च न्यायालय को
(द) अन्तरराष्ट्रीय माध्यस्थम् अधिकरण को

**Question No.10**

Which of the following adoptions is not valid under the Hindu Adoptions & Maintenance Act, 1956 ?

(A) Adoption by a Hindu widow without authority from her deceased husband
(B) Adoption by an unmarried Hindu woman
(C) Adoption by a male Hindu without the consent of his living wife
(D) Adoption by a male Hindu without the consent of his living child

**प्रश्न सं.10**

हिन्दू दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा दत्तक वैध नहीं है ?

(अ) किसी हिन्दू विधवा द्वारा अपने मृतक पति से अधिकारिता बिना लिया गया दत्तक
(ब) किसी अविवाहित हिन्दू महिला द्वारा लिया गया दत्तक
(स) किसी हिन्दू पुरूष द्वारा अपनी जीवित पत्नी की सम्मति के बिना लिया गया दत्तक
(द) किसी हिन्दू पुरूष द्वारा अपनी जीवित संतान की सम्मति के बिना लिया गया दत्तक

**Question No. 11**

Under the Muslim Law, which of the following is not essential to the validity of a gift?

(A) making gift by way of a written instrument (B) a declaration of gift by the donor
(C) an acceptance of the gift by or on behalf of the donee (D) delivery of possession

**प्रश्न सं. 11**

मुस्लिम विधि के अन्तर्गत दान की वैधता हेतु निम्न में से क्या आवश्यक नहीं है?

(अ) दान एक लिखतम द्वारा किया जाना (ब) दानकर्ता द्वारा दान की घोषणा
(स) दानग्रहित द्वारा या उसकी ओर से दान की स्वीकृति (द) कब्जे का परिदान

**Question No. 12**

Under the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994, special tax for community service may be imposed by :

(A) Panchayat (B) Panchayat Samiti
(C) Zila Parishad (D) None of the above

**प्रश्न सं. 12**

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत सामुदायिक सेवा के लिए विशेष कर अधिरोपित किया जा सकता है:

(अ) पंचायत द्वारा (ब) पंचायत समिति द्वारा
(स) जिला परिषद द्वारा (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

https://www.pyqonline.com

**Question No. 13**

At least how many meetings of a Gram Sabha constituted as per Section 8-A of the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994 are to be held in a year:

(A) two (B) three
(C) one (D) four

**प्रश्न सं. 13**

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 8 क के अनुसार गठित ग्राम सभा की एक वर्ष में कम से कम कितनी बैठकें होगीं:

(अ) दो (ब) तीन
(स) एक (द) चार

**Question No. 14**

The Rajasthan Panchayati Raj (Election) Rules, 1994 are framed by:

(A) the State Government (B) the State Election Commission
(C) the High Court (D) the Zila Parishad

**प्रश्न सं. 14**

राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 बनाए गए हैं:

(अ) राज्य सरकार द्वारा (ब) राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा
(स) उच्च न्यायालय द्वारा (द) जिला परिषद् द्वारा

**Question No. 15**

Under the Rajasthan Municipalities Act, 2009, unless sooner dissolved, every Municipality shall continue for a term of five years from the date,

(A) appointed for its first meeting (B) of declaration of the result of election
(C) appointed by the State Government (D) appointed by the State Election Commission

**प्रश्न सं. 15**

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत प्रत्येक नगरपालिका, यदि वह पहले विघटित नहीं कर दी गयी हो, पांच वर्ष तक बनी रहेगी,

(अ) उसकी पहली बैठक की नियत तारीख से (ब) चुनाव परिणाम की घोषणा की तारीख से
(स) राज्य सरकार द्वारा नियत तारीख से (द) राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियत तारीखसे

**Question No.16**

When the settlement operations in any area are closed by notification under Section 142 of the Rajasthan Land Revenue Act, all applications then pending before the Settlement Officer shall, unless a permanent Settlement Officer shall have been appointed for such area, be:

(A) transferred to the Collector
(B) transferred to the Tehsildar
(C) adjourned sine die
(D) dismissed

**प्रश्न सं. 16**

जब राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत जारी अधिसूचना द्वारा किसी क्षेत्र में भू-प्रबन्ध कार्यवाहियां बन्द कर दी जावें तो भू-प्रबन्ध अधिकारी के समक्ष उस समय विचाराधीन समस्त कार्यवाहियां, जब तक ऐसे क्षेत्र के लिए कोई स्थायी भू-प्रबन्ध अधिकारी नियुक्त नहीं कर दिया गया हो,

(अ) कलक्टर को हस्तांतरित कर दी जावेंगी ।
(ब) तहसीलदार को हस्तांतरित कर दी जावेंगी ।
(स) अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दी जावेंगी ।
(द) खारिज कर दी जावेंगी ।

https://www.pyqonline.com

**Question No. 17**

The authority competent under Rajasthan Tenancy Act, 1955 to decide a dispute about ownership of a tree and a right to remove it is:

(A) Patwari
(B) Sadar Kanungo
(C) Tehsildar
(D) Sub-Divisional Officer

**प्रश्न सं. 17**

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत एक वृक्ष के स्वामित्व एवं उसे हटाने के अधिकार के सम्बन्ध में विवाद का निर्णय करने को सक्षम है:

(अ) पटवारी
(ब) सदर कानूनगो
(स) तहसीलदार
(द) उपखण्ड अधिकारी

**Question No. 18**

Under the Rajasthan Municipalities Act, 2009, the power to make rules for prescribing the manner of allotment of seats reserved for members of Scheduled Castes, Scheduled Tribes, the Backward Classes or for women is given to:

(A) the State Government
(B) the concerned Municipality
(C) the Chief Municipal Officer
(D) the State Election Commission

**प्रश्न सं 18**

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडे वर्गों के सदस्यों या महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों के आवंटन की रीति विहित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति दी गई है:

(अ) राज्य सरकार को
(ब) सम्बन्धित नगरपालिका को
(स) मुख्य नगरपालिक अधिकारी को
(द) राज्य निर्वाचन आयोग

**Question No.19**

A, a tradesman leaves goods at **B**'s house by mistake. **B** uses the goods as his own. He is:

(A) bound to pay for the goods to A
(B) bound to inform A
(C) bound to deliver similar goods to A
(D) none of the above

**प्रश्न सं.19**

अ, एक व्यापारी कुछ माल ब के घर पर भूल से छोड़ जाता है । ब उस माल को अपने माल के रूप में बरतता है । उसके लिये वह:

(अ) अ को संदाय करने के लिये आबद्ध है
(ब) अ को सूचित करने को आबद्ध है
(स) अ को समान माल परिदत्त करने को आबद्ध है
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No. 20**

Where an offence under the Environment (Protection) Act, 1986 has been committed by a Department of Government, who shall be deemed to be guilty of the offence and shall be liable to be proceeded against and punished accordingly?

(A) the Officer Incharge
(B) the Head of the Department
(C) the officer who has received notice
(D) none of the above

**प्रश्न सं. 20**

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत कोई अपराध सरकार के किसी विभाग द्वारा किया गया है, वहां कौन उस अपराध का दोषी समझा जाएगा और तदनुसार अपने विरूद्ध कार्यवाही किए जाने और दंडित किए जाने का भागी होगा ?

(अ) प्रभारी अधिकारी
(ब) विभागाध्यक्ष
(स) वह अधिकारी जिसने नोटिस प्राप्त किया है
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

https://www.pyqonline.com

Part-B भाग-ब

**Subjective/Narrative विषयनिष्ठ /वर्णनात्मक**

**Question No.1** (20)

Write **Short Notes** on:

(Answer **any five** – each carries 4 marks – answer should not exceed **75 words**)

(i) "Duties of tenant and landlord" under the Rajasthan Rent Control Act.
(ii) Definition of "Public Officer" in the Code of Civil Procedure
(iii) "Agreements in restraint of trade"
(iv) "dissolution of marriage by agreement"
(v) "Municipal property"
(vi) "Acquisition of Easements by prescription"
(vii) "Discharge of Torts"
(viii) "Reopening of partition"

**प्रश्न सं.1**

**संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिये :**

**(किन्ही पांच का उत्तर दीजिये - प्रत्येक के 4 अंक निर्धारित है - उत्तर 75 शब्दों से अधिक नहीं हो)**

(i) राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत "किरायेदार एवं भू-स्वामी के कर्तव्य"
(ii) सिविल प्रक्रिया संहिता में "लोक अधिकारी" की परिभाषा
(iii) "व्यापार अवरोधी करार"
(iv) "आपसी सहमति से विवाह का विघटन"
(v) "नगरपालिक सम्पति"
(vi) "सुखाचारों का चिरभोग द्वारा अर्जन"
(vii) "अपकृत्यों का उन्मोचन"
(viii) "विभाजन का पुन: खुलना"

**Question No.2** (20)

Explain the **difference** between:

(Answer **any four** – each carries 5 marks – answer should not exceed **100 words**)

(i) "mesne profits of property" and "profits of business"
( ii ) "patent" and "copyright"
(iii) "slander" and "libel"
(iv) "Void Marriage" and "Voidable Marriage"
(v) "Malicious Falsehood" and "Negligent Misstatement"
(vi) "Arbitration" and "Conciliation"
(vii) "Surety" and "Garnishee"
( viii ) "transfer by true owner " and "transfer by ostensible owner

**प्रश्न सं.2**

**अन्तर स्पष्ट कीजिये**

**( किन्ही चार का उत्तर दीजिये - प्रत्येक के 5 अंक निर्धारित है -उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं हो):**

(i) "सम्पति के अन्त:कालीन लाभ" और "कारबार के लाभ" में
( ii ) "पेटेंट " एवं "प्रतिलिप्यधिकार " में
(iii) "अपमान वचन " और "अपमान आलेख " में
(iv) "शून्य विवाह" और "शून्यकरणीय विवाह" में
(v) "विद्वेषपूर्ण रूप से मिथ्या" और "उपेक्षापूर्ण अपकथन"
(vi) "माध्यस्थम्" और "सुलह" में
(vii) "प्रतिभू" और "गारनिशी" में
( viii ) "वास्तविक स्वामी द्वारा अन्तरण" एवं "दृश्यमान स्वामी द्वारा अन्तरण" में

https://www.pyqonline.com

**Question No.3** (10)

"Right to Equality" is a golden thread in the fabric of the Constitution of India; but this right too is having exceptions.

Discuss the exceptions of the right to equality in the Constitution of India

OR

As per Article 310 of the Constitution of India, every person who is member of civil service of a State or holds any civil post under a State, holds office during the pleasure of the Governor of the State.

Discuss the restrictions to the provision aforesaid.

**प्रश्न सं.3**

"समानता का अधिकार" भारत के संविधान की बनावट में एक सुनहरी सूत्र है; परन्तु इस अधिकार के भी अपवाद हैं । भारत के संविधान में समानता के अधिकार के अपवादों का विवेचन कीजिए ।

अथवा

भारत के संविधान के अनुच्छेद 310 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जो राज्य की सिविल सेवा का सदस्य है या राज्य के अधीन कोई सिविल पद धारित करता है, राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त पद धारित करेगा

उपरोक्त प्रावधान पर लागू निर्बन्धनों की विवेचना कीजिए ।

**Question No. 4** (10)

Discuss and explain the difference in the nature and scope of the liability without fault under Section 140 and Section 163-A of the Motor Vehicles Act, 1988.

OR

Explain the principles propounded by the Hon'ble Supreme Court in the case of United India Insurance Company Limited Versus Shila Dutta : (2011)10 SCC 509 in regard to the rights of an insurer of the vehicle in the claim for compensation made under the Motor Vehicles Act,1988. https://www.pyqonline.com

**प्रश्न सं. 4**

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 140 एवं धारा 163-क के अन्तर्गत दोषरहित दायित्व की प्रकृति एवं विस्तार का विवेचन कीजिए एवं अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा युनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड बनाम शीला दत्ता: (2011)10 एस सी सी 509 के मामले में मोटर वाहन अधिनियम,1988 के अन्तर्गत प्रतिकर के क्लेम में वाहन के बीमाकर्ता के अधिकारों के सम्बन्ध में प्रतिपादित सिद्धान्तों समझाइये ।

**Question No.5** (10)

What disabilities affect a Muslim in inheriting property according to Shia and Sunni laws ? Discuss.

OR

Explain the important changes brought about by the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005 in the principal enactment.

शिया तथा सुन्नी विधि अनुसार एक मुस्लिम को सम्पति के उत्तराधिकार में क्या अयोग्यताएँ है ? विवेचन कीजिए ।

अथवा

हिन्दू उतराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा मूल अधिनियम में लाये गये महत्वपूर्ण परिवर्तनों को समझाइए ।

https://www.pyqonline.com

**Question No. 6** **(10)**

The plaintiff has filed a suit in the Civil Court against her husband while alleging the acts of domestic violence against her by the defendant and has, inter alia, prayed for restrain order against the defendant-husband from dispossessing her from the house.

The defendant-husband has prayed for rejection of the plaint by moving an application under Order VII Rule 11 of the Code of Civil Procedure on the grounds that the suit is barred by law and in this case, the plaintiff-wife ought to have filed a complaint before the Magistrate under Section 18 of the Protection of Women from Domestic Violence Act.

The plaintiff opposes this application while contending that this suit is maintainable as per Section 26 of the said Act.

Draw an order with reasons on the application made by the defendant.

**प्रश्न सं. 6**

वादिया ने सिविल न्यायालय में अपने पति के विरूद्ध एक वाद प्रतिवादी द्वारा उसके विरूद्ध घरेलू हिंसा के कृत्यों का आक्षेप करते हुए किया है तथा, अन्य के अतिरिक्त, प्रतिवादी-पति के विरूद्ध अवरोध आदेश की प्रार्थना की है कि वह वादिया को घर से बेदखल नहीं करे ।

प्रतिवादी-पति द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वादपत्र नामंजूर करने प्रार्थना की गई है इन आधारों पर कि यह वाद विधि द्वारा वर्जित है तथा इस मामले में वादिया-पत्नि को घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम की धारा 18 के अन्तर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना चाहिये था ।

वादिया-पत्नि द्वारा इस प्रार्थना पत्र का विरोध यह तर्क देते हुए किया गया है कि यह वाद उक्त अधिनियम की धारा 26 के अनुसार पोषनीय है ।

प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कारण सहित आदेश लिखिए ।

***********************************

https://www.pyqonline.com